**प्रेस नोट      पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद      दिनांक 13.10.2024**

## थाना लोनी पुलिस द्वारा पत्नी की हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त (पति) गिरफ्तार ।

दिनांक 11.10.2024 को थाना लोनी पर वादी मौ0 परवेज पुत्र मौ0 गफ्फार निवासी नूरे इलाही दिल्ली द्वारा तहरीर दी गई कि वादी की छोटी बहन को उसके पति दिलशाद पुत्र अनवर निवासी प्रेमनगर थाना लोनी गाजियाबाद द्वारा गाली-गलौच व मारपीट कर ब्लैड से जान मारने की नियत से वार करना । जिसके सम्बध में तहरीर के आधार पर थाना लोनी पर तत्काल सुसंगत धाराओं अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गयी ।

तत्पश्चात आज दिनांक 13-10-2024 को थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त दिलशाद पुत्र अनवर निवासी प्रेमनगर थाना लोनी गाजियाबाद को चौकी लोनी तिराहा क्षेत्र से मय घटना में प्रयुक्त ब्लेड सहित गिरफ्तार किया गया । अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण**

अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि मेरा व मेरी पत्नी का आपस में घरेलू बातों को लेकर अक्सर विवाद होता रहता है। मेरी पत्नी छोटी-छोटी बातों को लेकर मुझसे व बच्चों के साथ हाथापाई, गाली-गलौच करती रहती है। दिनांक 11.10.2024 को मेरा व मेरी पत्नी का घरेलू बातों को लेकर विवाद हो गया था जिसमें मैंने गुस्से में आकर अपनी पत्नी के गले पर ब्लेड से हमला कर घर से भाग गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पता**

दिलशाद पुत्र अनवर निवासी प्रेमनगर थाना लोनी गाजियाबाद, उम्र करीब 35 वर्ष

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग**

अभियुक्त के विरुद्ध उपरोक्त प्रकरण के संबंध में 01 अभियोग पंजीकृत है । अन्य अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है ।

**बरामदगी का विवरण**

घटना में प्रयुक्त एक ब्लेड बरामद ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

थाना लोनी पुलिस टीम

## थाना मोदीनगर पुलिस द्वारा हनी ट्रैप की घटना के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से ब्लैकमेल कर लिये गये 3500/- रुपये, 04 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त कार बरामद ।

दिनांक 03.10.2024 को थाना मोदीनगर पर वादी प्रमोद कुमार पुत्र हरपाल सिंह निवासी शिवहरि मन्दिर कॉलोनी गली- 1 मकान 260 दिल्ली रेलवे लाईन नई टयूवैल के पास जनपद मेरठ ( प्रभारी टाईगर सिक्योरिटी ग्रुप मेरठ) ने एक तहरीर दी

कि अभियुक्ता आरती निवासी मोदीनगर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड में नौकरी लगवाने की माँग करना तथा वादी को कागज देने के बहाने अपने निवास निवाडी रोड बुलाकर अचानक से उसके सामने नग्न अवस्था में खडी हो जाना तथा अचानक ही 03 व्यक्ति ( जिनमें से 01 अपने आप को पत्रकार तथा 02 SOG का सिपाही बताते हैं ) के द्वारा आवेदक को पकडकर कपडे उतरवाकर, अभियुक्ता व वादी की वीडियो बनाना, ब्लैकमेल कर 10 लाख रुपये की माँग करना तथा वादी की जेब में रखे 48000/- रुपये छीन लेना । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मोदीनगर पर तत्काल सुंसगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्ता व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया । तत्पश्चात दिनांक 03.10.2024 को थाना मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्ता 1- आरती पत्नी प्रमोद निवासी ग्राम कलछीना थाना भोजपुर गाजियाबाद हाल किरायेदार डिफेंस कालोनी निवाडी रोड थाना मोदीनगर गाजियाबाद उम्र करीब 35 वर्ष व अभियुक्त मेहराज चौधरी पुत्र जहिर अहमद निवासी ग्राम रसूलपुर धोलडी थाना जानी जिला मेरठ तथा अभियुक्त वसी मौहम्मद पुत्र नन्हे ग्राम रसूलपुर धोलडी थाना जानी जिला मेरठ को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है ।

आज दिनांक 13.10.2024 थाना मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त 1. युसूफ पुत्र मौ0 अययूब निवासी ग्राम धौलडी थाना जानी जनपद मेरठ 2. मोनू उर्फ मुनेन्द्र सिंह पुत्र कटार सिंह निवासी ग्राम राजपुर गढी थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर को थाना मोदीनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से ब्लैकमिंलग के 3500/- रुपये, 04 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त कार बरामद हुई । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**<u>पूछताछ का विवरण –</u>**

अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया कि हमने अपनी साथी अभियुक्ता आरती व अभियुक्त मेहराज चौधरी तथा वसी मौहम्मद के साथ मिलकर वादी को आरती का आधारकार्ड आदि की छायाप्रति देने के बहाने अपने किराये के मकान निवाडी रोड पर बुलाया था तथा आते ही उससे पैसा प्राप्त करने की नियत से उसके साथ अभियुक्ता आरती की नग्न अवस्था में वीडियो बनवाकर ब्लैकमैल कर 10 लाख रुपये की रंगदारी माँग गई थी तथा कुछ रुपये हमने वादी से प्राप्त भी कर लिये थे ।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम/पता –

1. युसूफ पुत्र मौ0 अय्यूब निवासी ग्राम धौलडी थाना जानी जनपद मेरठ, उम्र करीब 50 वर्ष ।

2. मोनू उर्फ मुनेन्द्र सिंह पुत्र कटार सिंह निवासी ग्राम राजपुर गढी थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर, उम्र करीब 35 वर्ष ।

**बरामदगी का विवरण -**

ब्लैकमिंलग के 3500/- रुपये, 04 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त कार ।

**आपराधिक इतिहास / पंजीकृत अभियोग –**

अभियुक्तों के विरूद्ध उपरोक्त प्रकरण के संबंध में थाना मोदीनगर पर 01 अभियोग पंजीकृत है । अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

थाना मोदीनगर पुलिस टीम ।

## थाना निवाडी पुलिस द्वारा अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 11.10.2024 को थाना निवाडी पर वादी द्वारा तहरीर दी गयी कि बाईस्तवा अभियुक्त 1. रतन त्यागी पुत्र बलजीत सिंह 2. कपिल त्यागी पुत्र विषेश्वर त्यागी 3. मंगल सैन पुत्र स्वजीत त्यागी निवासीगण कस्बा व थाना निवाडी द्वारा वादी के भाई को मारकर उसके शव को फंदा लगाकर पेड पर लटका देना। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना निवाडी पर तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। तत्पश्चात विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन व मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 103 बीएनएस का लोप किया गया तथा अभियुक्तों के द्वारा मृतक को आत्महत्या के लिये मजबूर करने के साक्ष्यों के आधार पर धारा 108 बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

आज दिनांक 13.10.2024 को थाना निवाडी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त मंगल सैन पुत्र स्वजीत त्यागी निवासी कस्बा व थाना निवाडी गाजियाबाद को थाना निवाड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि मृतक से मेरे गन्ने के खेत में आग लग गयी थी जिससे मेरा नुकसान हो गया था। मैंने तथा मेरे साथियों ने नुकसान की भरपाई हेतु मृतक पर अनुचित रूप से दबाब बनाया था जिसके कारण मृतक ने पेड से फंदा लगाकर फांसी लगी ली थी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पता-**

मंगल सैन पुत्र स्वजीत त्यागी निवासी कस्बा व थाना निवाडी गाजियाबाद, उम्र करीब 65 वर्ष।

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग -**

अभियुक्त के विरुद्ध उपरोक्त घटना के संबंध में थाना निवाडी पर 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

थाना निवाडी पुलिस टीम।

## थाना मोदीनगर पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के आभूषण व 13190/- रूपये बरामद।

दिनांक 12.10.2024 को थाना मोदीनगर पर वादिया निवासी ग्राम शाहजहांपुर थाना मोदीनगर कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा एक तहरीर दी कि अभियुक्त 1. विकास पुत्र उदय कश्यप 2. तुषार पुत्र ललित द्वारा वादिया के घर से 30,000 रूपया नगद, आभूषण व कपडे चोरी कर ले जाना। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मोदीनगर पर सुंसगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु टीम का गठन किया गया।

तत्पश्चात आज दिनांक 13.10.2024 को थाना मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त विकास पुत्र उदयवीर कश्यप निवासी ग्राम शाहजहांपुर थाना मोदीनगर गाजियाबाद को थाना मोदीनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 जोडी पायल सफेद धातु, 01 अंगूठी पीली धातु, 13190/ रुपये, कपड़े व कागजात बरामद हुये है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

**पूछताछ का विवरण –**

अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि मैं अक्सर आवेदिका के घर आता-जाता रहता था। दिनांक 12.10.2024 को जब मैं अपने दोस्त तुषार पुत्र ललित को साथ लेकर वादिया के घर पहुंचा तो वहाँ पर कोई नही मिला। घर को खाली पाकर मेरे तथा मेरे दोस्त के मन में लालच आ गया और मौका पाकर हमने चोरी कर ली।

## गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पता-

विकास पुत्र उदयवीर कश्यप निवासी ग्राम शाहजहांपुर थाना मोदीनगर गाजियाबाद, उम्र करीब 24 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

चोरी के 01 जोडी पायल सफेद धातु ,01 अंगूठी पीली धातु ,13190/ रुपये, कपड़े व कागजात।

**आपराधिक इतिहास / पंजीकृत अभियोंग-**

अभियुक्त के विरूद्ध उपरोक्त चोरी की घटना कारित करने के संबंध में थाना मोदीनगर पर 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना मोदीनगर पुलिस टीम।


सशक्त नारी - समृद्ध प्रदेश
मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
पंचम चरण
नारी शक्ति अभिमान हमारा
तुम जगत की हो मुख्य धारा
हेल्पलाइन
1090 . वीमेन पॉवर लाइन
181. महिला हेल्पलाइन
108- एम्बुलेंस सेवा
1076 . मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
112 पुलिस आपातकालीन सेवा
1098- चाइल्ड लाइन
102 - स्वास्थ्य सेवा
1800-180-5145

# <u>प्रेस नोट</u>

## <u>मिशन शक्ति अभियान पंचम चरण</u>

## <u>पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद, दिनांक 13.10.2024</u>

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्रि पर्व पर दिनांक 03.10.2024 से मिशन शक्ति फेस-5 के अन्तर्गत 90 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे - मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैकिंग करस्पाडेण्ट सखी, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना , बेटी बचाओ बेटी पढाओ , प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम सम्मान निधि, पीएम स्वनिधि योजना, वन स्टाप सेन्टर , सेफ सिटी योजना, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, यूपी भाग्य लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला सशक्तिकरण योजना एवं कानूनी प्राविधानों तथा विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों जैसे - 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर वित्तिय अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एंबुलेन्स सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाईन नम्बर, 181 वन स्टाप सेन्टर, जनसुनवाई पोर्टल आदि मिशन शक्ति फेज 5.0 के अन्तर्गत दिनांक 03-10-2024 से लघु फिल्म, नुक्कड नाटक, संवाद, सूचनापरक पुस्तिका व पम्पलेट आदि के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। **मिशन शक्ति फेज -5 के अन्तर्गत आपरेशन गरूड अभियान** के दौरान महिला एवं बच्चियो से सम्बन्धित साइबर अपराध के 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे 05 प्रार्थना पत्रो का विधिक निस्तारण किया गया एवं लम्बित साईबर अभियोगो मे 14 अभियक्तों को गिरफ्तार किया गया। **आपरेशन शील्ड अभियान** के दौरान एसिड की अवैध बिक्री एवं वितरण से सम्बन्धित संदिग्ध कुल 291 दुकानों को चेक किया गया जिसमें 08 दुकानदारों को चेतावनी दी गयी । **आपरेशन डेस्ट्राय अभियान** के दौरान अश्लील सीडी/डीवीडी/पुस्तके/साहित्य सामग्री आदि की कुल 307 दुकानों को चेक किया गया। **आपरेशन बचपन अभियान** के दौरान बाल श्रम करते हुए 18 बच्चों को बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। **आपरेशन खोज अभियान** के अन्तर्गत गुमशुदा बच्चों/बालिकाओं हेतु रेलवे स्टेशन/बस स्टेशन स्थित बाल गृहों, NGO द्वारा संचालित आश्रय गृहों आदि का भौतिक निरीक्षक के दौरान 13 बच्चो के देखभाल व सुरक्षा की स्थिति ठीक पायी गई। **आपरेशन मजनू अभियान** के दौरान महिला स्कूल/कालेजों के आस-पास कुल 270 मनचलो को चिन्हित किया गया तथा 08 अभियोगों पंजीकृत कर 11 मनचलों को गिरफ्तार किया गया तथा 163 मनचलों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की गई। **ऑपरेशन नशा मुक्ति अभियान** के दौरान 82 हॉट स्पाट स्थान चिन्हित किये गये जहां पर 361 मादक पदार्थों के अभ्यस्त व्यक्तियों को चेक किया गया जिसमें से 21 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया व 280 व्यकितयो के विरूद्ध निरोधात्मक

कार्यवाही की गई। **आपरेशन रक्षा अभियान** के दौरान अवैध स्पा सेन्टरो / मसाज पार्लरो ,होटल मे मानव तस्करी आदि के सम्बन्ध मे कुल 164 होटलों को चेक किया गया। **ऑपरेशन ईगल अभियान** के दौरान महिला सम्बन्धी अपराधों में वांछित/प्रकाश में आये 29 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। **महिला सम्बन्धी अपराधों** में मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी करते हुए बलात्कार के 01 अभियोग में 01 अभियुक्त को 15 वर्ष का कारावास व 25000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। **मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के दौरान वन स्टाप सेंटरो पर** प्राप्त होने वाली शिकायतों में 07 अभियोग पंजीकृत कराये गये तथा 61 महिलाओं की काउंसलिंग कराते हुये शिकायतों का विधिक निस्तारण किया गया। **कमिश्नरेट गाजियाबाद मे 20 पिंक बूथो पर** कुल 308 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमे 289 प्रार्थना पत्रो का विधिक निस्तारण किया गया। **मिशन शक्ति फेज-05 की उपलब्धियों को प्रतिष्ठित समाचार पत्रों मे** प्रसारित कराया जा रहा है।**कमिश्नरेट में कुल 147 महिला बीट है,** जिनमें 314 महिला पुलिस कर्मी तैनात है। अभियान के दौरान महिला बीट कर्मी द्वारा मोहल्ला, वार्ड, ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर 463 कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें 9542 महिलाओं को महिला सुरक्षा कानून एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाईन नम्बरों की विस्तृत जानकारी दी गयी व कुल 93 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे 89 प्रार्थना पत्रों का विधिक निस्तारण किया गया। **महिला बीट पुलिस कर्मियों द्वारा** ग्राम पंचायत/वार्डो में 535 चौपाल लगाकर 14150 महिला/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी कानून व योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरो की जानकारी दी गयी। **Skill Development कार्यक्रम** के अन्तर्गत प्राइवेट आर0सी0आई0 रेलवे चिल्ड्रेन आफ इण्डिया, यूनिसेफ एक्शन एंड के सहयोग से प्रोजेक्ट नई पहल (NGO) और महिला पुलिस अधिकारी/कर्मियों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के 17 कार्यक्रम आयोजित कर 1279 महिलाओं एवं बालिकाओं को सैल्फ डिफैन्स मे प्रशिक्षित किया गया। **मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के दौरान बीट पुलिस अधिकारी द्वारा** विभिन्न स्कूलो / कॉलेजो , वर्किंग वीमेन हॉस्टल , प्रमुख बजारो मे जनजागरुकता व प्रचार प्रसार कार्यक्रम नियमित रुप से चलाकर महिलाओ एवं बालिकाओ क जागरुक किया जा रहा है । **अभियान के दौरान महिलाओ एवं बालिकाओ को जागरुक** करने हेतु 4919 पम्पलेट ,24910 ऑनलाइन सोफ्ट कॉपी वितरित की गई , 08 स्थानो पर लघु फिल्मो का प्रसारण किया गया , 43 स्थानो पर पीए सिस्टम के द्वारा ऑडियो क्लिप से प्रसारण कराया गया , 04 स्थानो पर नुक्कड नाटक कराते हुए प्रचार प्रसार कराया गया। **कमिश्नरेट के 05 शीर्ष सोशल मीडिया INFLUENCER** के द्वारा सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम / फेसबुक / एक्स के द्वारा मिशन शक्ति फेज -05 से सम्बन्धित पोस्ट की जा रही है जिन्हे लाखो लोगों द्वारा देखा जा रहा है। **कमिश्नरेट गाजिबाद मे कुल 147 महिला बीट पर 314 महिला पुलिस कर्मी नियुक्त रहते हुए** अभियान के दौरान 561 महिला अपराध की पीडिताओ से मुलाकात कर काउंसलिग कर विधिक कार्यवाही की गई एवं , 10 पीडिताओ को SLSA/DLSA के माध्यम से विधिक सहायता हेतु जानकारी दी गई।

**दिनांक 03/10/2024 को रामलीला ग्राउण्ड में पिंक बूथ द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 की जानकारी देकर जागरूक करते हुये**




**दिनांक 04/10/2024 को रामलीला ग्राउण्ड में महिला पुलिस कर्मियों द्वारा  मिशन शक्ति फेज-05 के अन्तर्गत महिला सुरक्षा सम्बंधी कानून ,विभिन्न योजनाओं एंव हैल्प लाईन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक करते हुए**



दिनांक 05/10/2024 को रामलीला ग्राउण्ड में पिंक बूथ महिला सुरक्षा थाना कविनगर द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 अन्तर्गत महिला सुरक्षा सम्बंधी कानून ,विभिन्न योजनाओं एंव हैल्प लाईन नम्बरों की जानकारी देकर जागरुक करते हुये




दिनांक 06/10/2024 को पिंक बूथ  पुराना बस अड्डा थाना क्षेत्र सिहानीगेट  द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 अन्तर्गत महिला सुरक्षा सम्बंधी कानून ,विभिन्न योजनाओं एंव हैल्प लाईन नम्बरों की जानकारी देते हुए



दिनांक 07/10/2024 को अभियान के दौरान प्रभारी ए0एच0टी0 द्वारा  जनता इंटर कालेज मोरटा थाना क्षेत्र नन्दग्राम में  सैल्फ डिफेन्स ट्रैनिंग देते हुये




दिनांक 07/10/2024 को अभियान के दौरान प्रभारी ए0एच0टी0 द्वारा  रामलीलाल मैदान में पिंक बूथ पर सैल्फ डिफेन्स ट्रैनिंग देते हुये




दिनांक 08/10/2024 को पिंक बूथ जल निगम थाना क्षेत्र विजयनगर द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 अन्तर्गत महिला सुरक्षा सम्बंधी कानून ,विभिन्न योजनाओं एंव हैल्प लाईन नम्बरों की जानकारी देते हुए



दिनांक 08/10/2024 को पिंक बूथ दूधेश्रवरनाथ थाना क्षेत्र कोतवाली द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 अन्तर्गत महिला सुरक्षा सम्बंधी कानून ,विभिन्न योजनाओं एंव हैल्प लाईन नम्बरों की जानकारी देते हुए




दिनांक 09/10/2024 को सालाह नगर डावर तालाब थाना क्षेत्र अंकुर विहार में मिशन शक्ति फेज-05 अन्तर्गत पम्पलैट वितरित कर महिला सुरक्षा सम्बंधी कानून ,विभिन्न योजनाओं एंव हैल्प लाईन नम्बरों की जानकारी देते हुए



दिनांक 09/10/2024 को  शहीद स्थल मैट्रो स्टेशन थाना क्षेत्र साहिबाबाद में मिशन शक्ति फेज-05 अन्तर्गत पम्पलैट वितरित कर महिला सुरक्षा सम्बंधी कानून ,विभिन्न योजनाओं एंव हैल्प लाईन नम्बरों की जानकारी देते हुए




दिनांक 10/10/2024 को  रेलवे स्टेशन गाजियाबाद पर मिशन शक्ति फेज-05 अन्तर्गत पम्पलैट वितरित कर महिला सुरक्षा सम्बंधी कानून ,विभिन्न योजनाओं एंव हैल्प लाईन नम्बरों की जानकारी देते हुए



दिनांक 10/10/2024 को मुल्तानी मल मोदी डिग्री कालेज मोदीनगर में प्रभारी पिंक बूथ मोदीनगर द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 अन्तर्गत पम्पलैट वितरित कर महिला सुरक्षा सम्बंधी कानून ,विभिन्न योजनाओं एंव हैल्प लाईन नम्बरों की जानकारी देते हुए



दिनांक 11/10/2024 को पिंक बूथ कोतवाली महिला पुलिस कर्मियों द्वारा कन्या पूजन के दौरान मिशन शक्ति अभियान से सम्बंधित पम्पलैट वितरित कर जानकारी देते हुए



दिनांक 11/10/2024 को रामप्रस्थ सूर्य नगर थाना क्षेत्र लिंक रोड में प्रभारी पिंक बूथ महाराजपुर द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 अन्तर्गत पम्पलैट वितरित कर महिला सुरक्षा सम्बंधी कानून ,विभिन्न योजनाओं एंव हैल्प लाईन नम्बरों की जानकारी देते हुए




दिनांक 12/10/2024 को अभियान के दौरान प्रभारी ए0एच0टी0 द्वारा रामलीलाल मैदान में पिंक बूथ पर सैल्फ डिफेन्स ट्रैनिंग देते हुये



**12/10/2024 को अभियान के दौरान प्रभारी ए0एच0टी0 द्वारा  प्राथमिक पाठशाला  नन्दग्राम थाना क्षेत्र नन्दग्राम में मिशन शक्ति फेज-05 की जानकारी देते हुए**

